गुरु श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय, गोरखपुर में गंभीर रूप से पीड़ित रोगियों के स्थानान्तरण के लिये एक अत्याधुनिक फोर्स मोटर की टेम्पो ट्रैवेलर वैन पर सभी जीवन रक्षक उपकरणो युक्त नई दिल्ली से आ गई है। जब गंभीर रुप से बीमार रोगी जीवन रक्षक उपकरणों के बिना स्थानान्तरित नही हो सकते थे तो बाहर से गाड़ी मँगानी पड़ती थी और इस प्रक्रिया में काफी विलम्ब भी होती थी और इसका असर मरीजों के स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा था। गुरु श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय में इस वैन के आने से गम्भीर रुप से पीड़ित मरीजों को शिफ्टिंग कराने में तथा अच्छी स्वास्थ्य सुविधा दिलाने में एक कदम और आगे बढ़ा है।

उपरोक्त जानकारी गोरखपुर के **सांसद योगी आदित्यनाथ जी** ने श्री गोरखनाथ मन्दिर परिसर में अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण से युक्त एक टेम्पो ट्रैवेलर के उद्घाटन एवं पूजन के अवसर पर दी। उन्होंने कहा कि गुरु श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय में इस वैन के आने से गम्भीर रोगिया को दिल्ली या लखनऊ आदि में शिफ्टिंग करने में आसानी होगी तथा इस वैन में लगे जीवन रक्षक उपकरण से उनको सुविधा मिलेगी।

चिकित्सालय के निदेशक बिग्रेडियर (डॉ.) के.पी.बी.सिंह ने कहा कि यह चिकित्सालय पूर्वी उत्तर प्रदेश के रोगियों को अच्छा स्वास्थ्य सुविधा देने के लिये कृत संकल्पित है। परमपूज्य महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज की आशीर्वाद एवं सानिध्य में यह चिकित्सालय दिन प्रति दिन लोकप्रियता के दौड़ में तेजी से आगे बढ़ रहा है। नई दिल्ली से अत्याधुनिक टैम्पो वैन का चिकित्सालय में आना गम्भीर रोगियों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधा दिलाने की कड़ी है।

इस अवसर पर गुरु श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सी.एम.सिन्हा, डॉ. राजीव श्रीवास्तव, राघवेन्द्र प्रताप सिंह, सुनील सिंह, अवधेश सिंह, लालजी सिंह, डण्डा बाबा, पार्षद मन्तालाल, बल्लू राय सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।